# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी किशनगढ रेनवाल , जिला जयपुर

पीठासीन अधिकारी – सर्वेश शर्मा R.A.S.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :– 32/2025 दायर तारीख :– 05.05.2025

धापू देवी पत्नी नानूराम जाति जाट
समस्त जाति जाट नि0 वाके ग्राम रघुनन्दनपुरा पटवार हल्का पचकोडिया तहसील जयपुर जिला जयपुर राज0

प्रार्थी

बनाम

1. राधेश्याम पुत्र पोखरमल जाति जाट निवासी ग्राम रघुनन्दनपुरा पटवार हल्का पचकोडिया
2. तहसीलदार तहसील कि0रेनवाल जिला जयपुर राज0

अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत राजस्थान अभिधृत अधिनियम, 1955 की धारा 251–क की उप धारा (1)

उपस्थित :– श्री श्रवणलाल कुमावत अधिवक्ता प्रार्थी
श्री लक्ष्मण सिंह , अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1

## निर्णय

निर्णय दिनांक :– 26.11.2025

1. प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र राजस्थान अभिधृत अधिनिय 1955 की धारा 251–क की उप धारा (1) के अधीन अनुज्ञा का आवेदन पत्र पेश किया कि प्रार्थी की आराजीयात खं0नं0 144/42 कुल रकबा 0.3794 हैक्टेयर वाके ग्राम रघुनन्दनपुरा पटवार हल्का पचकोडिया तहसील कि0 रेनवाल जिल जयपुर राज0 में प्रार्थीगण अपने पुख्ता मकान बनाकर निवास कर रहे है उक्त आराजीयात के उपयोग उपभोग के लिए उक्त आराजीयात पर आने जाने के लिए प्शुओं को लाने ले जाने के लिए आराजीयात की काश्त करने के लिए कृषि यंत्रों को लाने ले जाने के लिए अपनी फसल को मण्डी तक ले जाने के लिए तथा आवागमन के लिए पहले से रास्ता खसरा नम्बर 41 के दक्षिणी की ओर पश्चिम से पूर्व की ओर मार्क ए बी सी से दर्शित 20 फुट चौडा रास्ता आपसी सहमति से वर्तमान में चालू मार्ग है जिसका प्रार्थीगण अपने जोत पर आने जाने के लिए बुजूर्गो के समय से ही उपयोग उपभोग करते आ रहे है। प्रार्थीगण को वर्तमान में अपने जोत के उपयोग उपभोग करते आ रहे है। प्रार्थीगण को वर्तमान में अपने जोत के उपयोग उपभोग हेतु आने जाने के लिए 20 फीट चौडे रास्ते की आवश्यकता है। अप्रार्थीगण जो रास्ता विद्यमान है उसमें जब चाहे तब अवरोध उत्पन्न करते है। जो प्रार्थना पत्र में संलग्न नक्शा में मार्क ए0बी0सी0 से दर्शित किया गया है जो डामरीकृत रोड से से पश्चिमी दिशा में जुडा हुआ है जो अप्रार्थी की खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 41 के दक्षिणी सीमा की ओर से वर्तमान में आवागमन हेतु चालू है । अप्रार्थीगण द्वारा उक्त रास्ते को अवरोधित करने पर प्रार्थीगण अपने कुए व मकान पर नही जा रहे है एंव जानवरों व कृषि यंत्रों को लाने ले जाने में परेशानी उपयोग उपभोग कर रहे है। प्रार्थीगण के आवागमन के लिए उक्त प्रार्थना पत्र के सलंग्न नक्शें में मार्क एबीसी से दर्शित उक्त रास्ते को 20 फुट चौडाई का रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर प्रार्थी गण को अपने जोत पर आने जाने की सुविधा प्रदान करने की कृपा करे।

2. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया। अप्रार्थी सं0 01 की ओर से वकील श्री लक्ष्मण सिंह ने वकालतनामा पेश कर जवाब प्रा0 पत्र पेश हुआ व अपने जवाब में अंकित किया कि अप्रार्थी संख्या 1आराजी खसरा नम्बर 41 का लघु

उपखण्ड अधिकारी
किशनगढ रेनवाल

काश्तकार है। उक्त आराजीयात में से कोई रास्ता प्रार्थी की आराजी खसरा नम्बर 144/42 के लिए बना हुआ नहीं है और ना ही कभी प्रार्थी अप्रार्थी संख्या 01 की आराजीयात में से आता जाता रहा है। अप्रार्थी संख्या 1 की आराजीयात में से यदि रास्ता जाता है तो उसकी जमीन के दो टुकडे हो जायेगें जिससे अप्रार्थी संख्या 01 को भारी असुविधा होगी व अपूरणीय क्षति होगी। इसलिए प्रार्थी कोई रास्ता अप्रार्थी संख्या 01 की भूमि में से पाने का अधिकारी नहीं है। तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अप्रार्थी संख्या 1 की भूमि में से रास्ता दिये जाने पर दो भागों में विभक्त होना अंकित किया है। प्रार्थी की आराजीयात में आने जाने के लिए प्रस्तावित अन्य निकटतम रास्ता जो खसरा नम्बर 142/42 की पश्चिमी नीव के सहारे रेनवाल से जोबनेर स्टेट हाईवे सडक से मिलता है। इस प्रकार तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार भी सबसे निकटतम रास्ता खसरा नम्बर 142/42 की पश्चिमी सींव के सहारे सहारे बताया गया है जो प्रार्थी के लिए सुगमता पूर्वक रास्ता रहेगा।

3. अप्रार्थी संख्या 2 तहसीलदार कि0 रेनवाल द्वारा अपने पत्रांक भू0अ0/2025/3385 दिनांक 26.06.2025 से रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसका सार इस प्रकार है। प्रार्थी के पास कोई वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं है। प्रार्थी द्वारा चाहा गया रास्ता जिसे मौका रिपोर्ट के साथ सलंग्न नजरी नक्शें में **A** से **B** दर्शाया गया है। उक्त चाहा गया रास्ता खसरा नम्बर 41 को दो भागो में विभक्त करता है। प्रार्थीया के खसरा नम्बर 144/2 के अन्य निकटतम रास्ता आराजी खसरा संख्या 142/42 की पश्चिमी सीमा के सहारे सहारे गै0मु0 सड़क खसरा नम्बर 39 में मिलता है जिसे मौका रिपोर्ट के साथ सलंग्न नजरी नक्शें में **B** से **C** दर्शाया गया है।

4. हमने प्रार्थना पत्र पर उभय पक्षकारान अधिवक्ता की बहस सुनी गई। दौराने बहस अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा प्रा0पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि प्रार्थी द्वारा अपनी आराजीयात पर आने जाने हेतु खसरा नम्बर 41 से रास्ता चाहा गया है। दौराने बहस अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा तहसीलदार कि0 रेनवाल द्वारा सुझाए गए अन्य वैकल्पिक रास्ते पर विचार नहीं करते एंव प्रार्थी द्वारा चाहे गए रास्ते को ही प्रदान करने का निवेदन किया। अधिवक्ता अप्रार्थी द्वारा दौराने बहस कथन किया कि प्रार्थी एक लघु काश्तगार है तथा प्रार्थी द्वारा बताया गया रास्ता अप्रार्थी की जमीन को दो भागो में विभक्त करता है। अगर प्रार्थी की जमीन से रास्ता दिया जाता है तो उसकी जमीन के दो टुकडे हो जायेगें और ज़मीन काश्त करने योग्य नहीं रहेगी। इससे अप्रार्थी को परिवार के पालन–पोषण व जीवन निर्वाह करना भी मुश्किल होगा। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाए। अधिवक्ता अप्रार्थी द्वारा कथनों की पुष्टि हेतु न्यायिक दृष्टांत 2021(2)आरआरजे 1286, 2022–23(**supp.**)आरआरटी282 पेश किये।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
सत्यमेव जयते
किशनगढ़-रेनवाल

5. यहाँ पर हम राजस्थान काश्तकारी अधिनियम नियम 1955 की धारा 251–ए का अवलोकन करना उचित समझते है। जो निम्नानुसार है।

*251A. Laying of underground pipeline or opening a new way through another khatedar's holding or enlarging the existing way. –*

*(1) Where -*

*(a) a tenant intends to lay an underground pipeline through the holding of another khatedar for the purpose of irrigation of his holding; or*

*(b) a tenant or a group of tenants intend to have a new way, or enlargement or widening of an existing way, through the holding of another khatedar to have access to his holding or, as the case may be, their holdings of and the matter is not settled by mutual agreement, the tenant or the tenants, as the case may be, may apply for such facility to the Sub-Divisional Officer*

उपखण्ड अधिकारी
किशनगढ़ रेनवाल

